झारखण्ड विधान सभा

दैनिक विवरणिका

पंचम् झारखण्ड विधान सभा
संख्या-06

नवम्(मॉनसून) सत्र के क्रम में
सोमवार, दिनांक-05 सितम्बर, 2022 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 01.05 बजे अप० तक।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

आसन द्वारा सदन को संसूचित किया गया कि झारखण्ड विधान सभा का नवम् मॉनसून सत्र दिनांक-04.08.2022 की कार्यवाही के उपरांत अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया गया था। आज की कार्यवाही झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम-15 के तृतीय परंतुक के अनुसरण में बुलाई गई है। इस बैठक के लिए माननीय मुख्यमंत्री द्वारा एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। इसके उपरांत प्राप्त प्रस्ताव पर चर्चा के निमित्त समय आवंटन की घोषणा की गयी तत्पश्चात् आसन की अनुमति से माननीय मुख्यमंत्री द्वारा निम्न प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया-

"यह सभा वर्त्तमान मंत्रिपरिषद् में विश्वास प्रकट करती है।"

(भारी शोरगुल)

सदन में प्रस्ताव प्रस्तुत होने के पश्चात् आसन की अनुमति से क्रमशः माननीय सदस्य, सर्वश्री नीलकण्ठ सिंह मुण्डा, सुदिव्य कुमार, (श्रीमती) दीपिका पाण्डेय सिंह, प्रदीप यादव, विनोद कुमार सिंह, कमलेश कुमार सिंह, सुदेश कुमार महतो एवं माननीय सदस्य, श्री सरयू राय द्वारा उद्‌गार व्यक्त किये गये।

(इस क्रम में माननीय सदस्य, श्री रामचन्द्र चन्द्रवंशी ने आसन का ध्यान आकृष्ट करते हुए सूचित किया कि उनके विश्रामपुर विधान सभा क्षेत्र में अल्पसंख्यकों द्वारा कई दलितों के घरों को उजाड़ दिया गया है जिन्हें पुनर्वासित किये जाने हेतु उन्होंने अनुरोध किया।)

सरकार का उत्तर

आसन द्वारा पुकारे जाने पर सदन नेता सह माननीय मुख्यमंत्री, श्री हेमन्त सोरेन ने विस्तार से सरकार की ओर से उत्तर दिया तत्पश्चात् नियमानुसार प्रस्ताव की स्वीकृति हेतु आसन से घोषणा की गयी। इसपर माननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा माँग किये जाने के उपरांत नियमानुसार मतगणना की प्रक्रिया प्रारंभ की गई जिसमें प्रस्ताव के पक्ष **में 48 मत पडे और विपक्ष में 00** क्योंकि इस क्रम में भारतीय जनता पार्टी, आजसू एवं निर्दलीय माननीय सदस्यों द्वारा सदन का परित्याग कर दिया गया। इसके पश्चात् सभा की कार्यवाही अनिश्चित काल के लिये स्थगित कर दी गई।

राँची,
दिनांक- 05 सितम्बर, 2022 ई०।

सैयद जावेद हैदर,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।